RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई, रविवार 28 सितम्बर 2025 | वर्ष 07 | अंक 162 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

**मुंबई : रोज 50-60 दर्ज होते ब्रेन स्ट्रोक के मामले,**



Page - 2

## मुंबई: 5 अवैध बांग्लादेशी नागरिक हिरासत में, डिपोर्टेशन शुरू



**मुंबई:** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए भारत में अवैध रूप से रह रहे कुल 5 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई जोगेश्वरी पुलिस स्टेशन पुलिस ने की। पुलिस को जानकारी मिली थी कि एक बांग्लादेशी नागरिक मुंबई के जोगेश्वरी इलाके में आने वाला है। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जाल बिछाया और जोगेश्वरी ईस्ट स्थित एमएमआरडीए कॉलोनी के सामने से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। पुलिस ने जब उसका नाम और पता पूछा तो उसने अपना नाम सलीम बलाई मोल्ला बताया, जिसकी उम्र 38 साल है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हो गया कि वह बांग्लादेश का नागरिक है और भारत में अवैध रूप से रह रहा है। सलीम की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उससे गहन पूछताछ जारी रखी है। पूछताछ के दौरान सलीम ने यह खुलासा किया कि उसके साथ और भी चार बांग्लादेशी नागरिक मुंबई में अवैध रूप से रह रहे हैं। इस जानकारी के आधार पर जोगेश्वरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाकी चार बांग्लादेशी नागरिकों को भी अलग-अलग स्थानों से हिरासत में ले लिया।

फिलहाल पुलिस ने इन पांचों विदेशी नागरिकों को कस्टडी में रखा है और अब उनके खिलाफ आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सभी के दस्तावेज की जांच की जा रही है और भारत में घुसपैठ के कारणों को भी खंगाला जा रहा है।

## वडाला टीटी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चंद्रकांत सरोदे और उप-निरीक्षक राहुल वाघमोड़े रिश्वत लेते गिरफ्तार

**मुंबई :** वडाला टीटी (ट्रक टर्मिनस) पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चंद्रकांत सरोदे और उप-निरीक्षक राहुल वाघमोड़े को मुंबई भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने शिकायतकर्ता के खिलाफ कार्रवाई से बचने के लिए 5.5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। रिश्वत राशि की पहली किस्त 2 लाख रुपये स्वीकार करते समय यह कार्रवाई की गई। मामला दर्ज होने के बावजूद आगे की कार्रवाई से बचने के लिए रिश्वत की मांग की गई थी। शिकायतकर्ता एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। सामुदायिक भवन के निर्माण को लेकर उनका एक व्यक्ति से विवाद है। इसी मुद्दे पर 7 सितंबर को शिकायतकर्ता और उसके विरोधी समूह के बीच विवाद हुआ था। उस समय दोनों समूहों के



लोग वडाला टीटी पुलिस स्टेशन में एकत्र हुए थे। उस समय विरोधी समूह की शिकायत पर शिकायतकर्ता के खिलाफ पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था।

इस मामले की जाँच वडाला टीटी पुलिस स्टेशन के पुलिस उपनिरीक्षक राहुल वाघमोड़े (37) के अधीन थी। उन्होंने शिकायतकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया था। लेकिन उन्होंने इस मामले में उनकी बेटी को आरोपी बनाने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर लड़की आरोपी नहीं बनना चाहती और विरोधी गुट के लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं चाहती, तो उसे रिश्वत देनी होगी। इसमें से उसने अपने लिए 50,000 रुपये और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चंद्रकांत सरोदे के लिए 5 लाख रुपये मांगे।

### पुलिस स्टेशन पर ही जाल बिछाकर गिरफ्तार

**शिकायतकर्ता ने मुंबई भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई थी। तदनुसार, शुक्रवार को पुलिस स्टेशन में ही जाल बिछाया गया। शुक्रवार को वाघमोड़े ने अपने लिए 30,000 रुपये और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चंद्रकांत सरोदे के लिए 2 लाख रुपये की पहली किस्त स्वीकार की। उस समय, वाघमोड़े और सरोदे दोनों को पंच के सामने पकड़ा गया। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। इन दोनों रिश्वतखोर पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।**

### अत्यधिक व्यायाम और हृदय रोग: वास्तव में क्या संबंध है?

**चंद्रकांत सरोदे पहले मीरा भयंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के अछोले और मीरा रोड पुलिस थानों में कार्यरत थे। आम जनता में रोष व्याप्त है क्योंकि झूठे मामले दर्ज किए जा रहे हैं और मामूली मामलों में भी रिश्वत मांगी जा रही है। इस बीच, पुलिस बल में हड़कंप मच गया है क्योंकि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सीधे भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के जाल में फंस गए हैं।**

## गरबा के दौरान 45 वर्षीय महिला की गिरकर मौत!

**पालघर :** वसई के एक मोहल्ले में नवरात्रि का जश्न बुधवार देर रात उस समय त्रासदी में बदल गया जब 45 वर्षीय एक महिला दोस्तों और परिवार के साथ गरबा करते हुए बेहोश हो गई। मृतका फाल्गुनी राजेश शाह, ओमनगर इलाके में विघ्नेश्वर मंडल द्वारा आयोजित नवरात्रि उत्सव में शामिल हुई थीं। रात करीब 10:30 बजे, सिविक गार्डन में नृत्य के एक राउंड के बाद, उन्हें बेचैनी महसूस हुई, उनका संतुलन बिगड़ गया और वे लगभग 50 प्रतिभागियों के सामने गिर पड़ीं। मंडल के सदस्य और उनके पति उन्हें पास के एक अस्पताल ले गए, लेकिन पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में उन्हें दूसरे अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्हें होश में लाने के प्रयासों के बावजूद, शाह को बचाया नहीं जा सका। अस्पताल ले जाने से पहले कार्यक्रम स्थल पर मौजूद एक डॉक्टर ने सीपीआर का भी प्रयास किया था।

## ठाकरे के दशहरा सम्मेलन का दूसरा टीजर जारी, शिवसैनिकों की बढ़ी उत्सुकता



**मुंबई:** एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में हुई बगावत के कारण हुए शिवसेना के विभाजन के उपरांत बीते दो वर्षों में दादर स्थित शिवाजी पार्क मैदान पर दशहरा सम्मेलन को ले लेकर पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना यूबीटी (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) तथा उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के बीच रस्साकशी देखने को मिली है। लेकिन इस साल 2 अक्टूबर 2025 को दशहरे के उपलक्ष्य शिवाजी पार्क मैदान पर यूबीटी का सम्मेलन होना तय हो गया है। यूबीटी ने दशहरा सम्मेलन के लिए दूसरी टीजर शनिवार को जारी किया है। महाराष्ट्र की परंपरा, शिवतीर्थ मैदान, आवाज शिवसेना की, नेतृत्व ठाकरे का, हुंकार शिवसैनिकों की थीम वाले इस टीजर के बाद लोगों में यह उत्सुकता बढ़ गई है कि क्या इस सम्मेलन में उद्धव अपने चचेरे भाई राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के साथ युति की घोषणा करेंगे?

### उद्धव गुट से पलायन का सिलसिला जारी

एकनाथ शिंदे और बीजेपी की युति का उद्धव को काफी खामियाजा भुगतना पड़ा है। एकनाथ शिंदे खुद को बालासाहेब ठाकरे के विचारों को आगे बढ़ाने का दावा करते हुए उनके नाम और तस्वीर का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने उद्धव से पार्टी का मूल नाम शिवसेना और चुनाव चिन्ह धनुष बाण छीन लिया। उद्धव के कई पुराने और निष्ठावान साथी भी पाला बदल चुके हैं और पलायन का सिलसिला जारी है। नतीजतन उद्धव के उम्मीदवारों को लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अपेक्षा के अनुरूप सहानुभूति का लाभ नहीं मिल सका। ऐसे में स्थानीय निकाय चुनावों की पृष्ठभूमि में ठाकरे ब्रांड बचाने के लिए उद्धव और राज ने साथ आने के संकेत दिए हैं। उनके बीच बैठकों एवं मुलाकातों का दौर जारी है। इसलिए, कयास लगाए जा रहे हैं कि राज ठाकरे इस साल की दशहरा रैली में मौजूद रहेंगे। दूसरे समागम का दूसरा टीजर जारी किया गया है, जिसका विषय है: ''परंपरा महाराष्ट्र की है, जमीन शिवतीर्थ की है, आवाज शिवसेना की है, नेतृत्व ठाकरे का है, दहाड़ शिवसैनिकों की है।''

## डोंबिवली में 11वीं मंजिल से गिरकर 22 वर्षीय युवक की मौत!

**ठाणे :** एक परेशान करने वाले घटनाक्रम में, एक युवक की ऊँची इमारत की 11वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। इस घटना के चौंकाने वाले दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं और लोगों को हैरान कर दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा फुटेज कॉम्प्लेक्स के दूसरे विंग का है, जिसमें हम युवक को 11वीं मंजिल की दीवार पर लटका हुआ देख सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक बहुमंजिला इमारत से गिरने के बाद युवक की मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी यह है कि उसे बचाने की कोशिश करने से पहले ही उसने अपने हाथ छोड़ दिए। 11वीं मंजिल से गिरकर मरने वाले युवक की पहचान ऋषिकेश परब के रूप में हुई है। बताया गया है कि वह डोंबिवली पश्चिम के राहुल नगर का निवासी है। बताया जा रहा है कि ऋषिकेश परब किसी विवाद के कारण परेशान था।



इस घटना से पहले, वह काफी देर तक सीढ़ियों पर बैठा रहा। फिर वह सीढ़ियों की सुरक्षा दीवार के पास आया और बाहर से लटककर आत्महत्या कर ली। इस घटना को सामने वाली इमारत में रहने वाले एक युवक ने मोबाइल फोन पर शूट किया। पुलिस को इसकी सूचना दी गई। इसके चलते पुलिस और दमकल विभाग के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुँच गए। अपनी पकड़ ढीली होने के कारण, वह 11वीं मंजिल से नीचे गिर गया और बचावकर्मियों के हस्तक्षेप से पहले ही उसकी तुरंत मौत हो गई। एक राहगीर ने इस घटना का वीडियो बना लिया और अब यह वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस ने ऋषिकेश के शव को पोस्टमार्टम के लिए अपने कब्जे में ले लिया है और उसकी आत्महत्या के कारणों की जाँच कर रही है।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# हठधर्मी का नतीजा है लेह की हिंसा...

लेह की हिंसा ने पूरे देश को चिंतित किया है। लेह में हिंसा वाले दिन लग रहा था जैसे अराजकता के रूप में नेपाल की लघु रूप में पुनरावृत्ति हो रही है। पहाड़ी परिषद से लेकर भाजपा कार्यालय को स्वाहा करने पर भीड़ उतारू थी। भीड़ ने सुरक्षाकर्मियों के वाहनों को भी निशाना बनाया। यह सब बिना तैयारी के संभव नहीं लगता। सामाजिक एवं पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने हिंसा के बाद 15 दिन से जारी आमरण अनशन समाप्त कर दिया। उन्होंने शांति की अपील भी की। हालांकि उनका यह भी मानना है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन से परिणाम नहीं निकलने के कारण युवाओं में निराशा बढ़ी है। यानी वे कह रहे हैं कि गुस्सा जायज है, पर हिंसा ठीक नहीं। 15 दिन से आमरण अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक और उनके साथियों के लगातार आ रहे वक्तव्यों और घटनाओं को देखने से हमें लग सकता है कि आंदोलन का सरकार ने संज्ञान नहीं लिया, इसलिए लोगों में गुस्सा पैदा हुआ होगा। सरकार की ओर से लेह की हिंसा के लिए सोनम वांगचुक को उत्तरदायी ठहराने से ऐसा भी लग सकता है कि वह आंदोलन से नाराजगी के कारण आरोप लगा रही है। सच क्या है?

सोनम वांगचुक, लेह अपेक्स बाडी यानी एबील और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस द्वारा रखी गई मांगों, उठाए मुद्दों पर केंद्र द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक छह अक्टूबर को तय थी। स्वयं एबीएल ने समिति में जिन नए सदस्यों के नाम सुझाए थे, उन पर भी सहमति बन गई थी। तो फिर समस्या कहां थी? पहली बात तो यह कि अनेक मांगों को पूरा किया जा चुका है और राज्य को छठी अनुसूची में शामिल करने तथा राज्य का दर्जा देने के विषय पर गतिरोध दूर करने के लिए बातचीत हो रही थी। दूसरी, चार जिलों के गठन की प्रक्रिया अंतिम दौर में है। तीसरी, लद्दाख में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण 45 प्रतिशत से बढ़कर 84 हो चुका है। चौथी, पंचायत में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। पांचवीं, भोटी और पुर्गी आधिकारिक भाषा घोषित हो चुकी हैं। छठी, 1800 पदों पर भर्ती प्रक्रिया भी शुरू है और अलग लोक सेवा आयोग के गठन पर भी विचार किया जा रहा है। यह सब केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा गठित उच्च अधिकार प्राप्त समिति के साथ लद्दाख के विभिन्न संगठनों की वाताओं में संपन्न समझौतों के ही परिणामस्वरूप हुआ।

Rokthok Lekhani News Update
WhatsApp group

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : कुरान की बेअदबी के बाद इलाके में तनाव...

## अनहोनी से निपटने के लिए पुलिस की गश्त

**मुंबई :** साकी नाका में इस्लाम की सबसे पवित्र किताब कुरान की बेअदबी के बाद इलाके में तनाव फैल गया है. तनाव कम करने के लिए और किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए पुलिस की गश्त बढ़ दी गई है. दरअसल, यहां एक आकाश नाम के युवक ने सोशल मीडिया पर फेक आईडी बनाकर पवित्र कुरान की बेहुरमती की. इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके के मुस्लिम समुदाय के लोगों में काफी आक्रोश है. कुरान की बेहुरमती के मामले में स्थानीय मुस्लिम समाज के लोगों ने भारी तादाद में इकट्ठा हो कर साकी नाका पुलिस स्टेशन पहुंचे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया. साकी नाका पुलिस ने प्रदर्शनकारियों की तहरीर पर मुल्जिम आकाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर



लिया और सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया. वहीं इस घटना के बाद मुल्जिम आकाश फरार चल रहा है. हालांकि पुलिस ने आरोपी आकाश के एक भाई को गिरफ्तार किया है.

इस घटना के बाद डीसीपी और सीनियर इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की. इस मामले में आगे की जांच जारी है और पुलिस आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है. इलाके में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है.

वहीं, इस मामले पर महाराष्ट्र की राजनीतिक पारा बढ़ गई है. समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आसिम आजमी ने इस मामले की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया. अबू आजमी ने इस पोस्ट में राज्य की भाजपा सरकार को घेरने की कोशिश की. उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि मुंबई के साकी नाका में कुरान शरीफ की बेहुरमती की गई. यह एक हेट क्राइम है, जिसकी पैदाइश हेट स्पीच से होती है. उन्होंने आगे लिखा कि नेताओं को देखकर सांप्रदायिक सोच रखने वाले जब मन चाहे किसी भी धर्म या धर्मगुरुओं को अपमानित कर देते हैं. समाजवादी विधायक अबू आजमी ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उन्होंने नफरती भाषण और धार्मिक व्यक्तित्व पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के खिलाफ कानून बनाने के लिए महाराष्ट्र असेंबली में एक बिल पेश किया है, जिसमें ऐसा करने वालों को 10 साल की सजा का प्रावधान है. लेकिन सरकार इस बिल को चर्चा के लिए ही लाने नहीं दे रही, क्योंकि इन घटनाओं से शायद सरकार को राजनीतिक फायदा होता है.

# मुंबई : बाढ़ की स्थिति के बीच आपदा प्रबंधन

## राहत एवं पुनर्वास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सोनिया सेठी का तबादला...



**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने पिछले कुछ दिनों से राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण बनी बाढ़ की स्थिति के बीच आपदा प्रबंधन, राहत एवं पुनर्वास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सोनिया सेठी का तबादला कर दिया। कांग्रेस ने सरकार के इस कदम की कड़ी आलोचना की। राज्य सरकार के आदेश के अनुसार, विनीता वेद सिंघल ने सेठी की जगह ली है। सेठी को नगर निगम द्वारा संचालित बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन उपक्रम का महाप्रबंधक बनाया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता सचिन सावंत ने एक बयान में कहा कि तबादले का यह निर्णय समय और औचित्य पर सवाल उठाता है, खासकर ऐसी स्थिति में जब राज्य के कई इलाके भीषण बाढ़ की स्थिति से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह तबादला ऐसे समय में हुआ है, जब (आपदा प्रबंधन, राहत एवं पुनर्वास) विभाग की भूमिका राहत कार्यों के समन्वय, क्षति का आकलन और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास उपायों की देखरेख में महत्वपूर्ण है।

सावंत ने पूछा कि क्या यह एक नियमित प्रशासनिक निर्णय है या सजा का एक रूप? उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति बिगड़ती जा रही है, कई जिलों में नागरिक गंभीर कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं और ऐसे में यह निर्णय विभाग के भीतर भ्रम पैदा कर सकता है। सावंत ने दावा किया, ''नए अधिकारी को विभाग के कामकाज को समझने के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता होगी, जिससे महत्वपूर्ण राहत और पुनर्वास कार्य धीमा पड़ जाएगा। यह निर्णय खराब शासन और राज्य तंत्र के भीतर समन्वय की कमी को दशार्ता है। यह तबादला सरकार की तैयारियों और प्राथमिकताओं पर संदेह पैदा करता है।''

# मुंबई : रोज 50-60 दर्ज होते ब्रेन स्ट्रोक के मामले,

## मौत और विकलांगता का चौथा सबसे बड़ा कारण...



**मुंबई :** लकवा यानी ब्रेन स्ट्रोक जिसे लोग मामूली कमजोरी समझ लेते हैं, आज भारत में मौत और विकलांगता का चौथा सबसे बड़ा कारण बन चुका है। मुंबई जैसे महानगर में रोज ५०-६० नए मामले इसके दर्ज होते हैं, लेकिन दुख की बात है कि केवल १० प्रतिशत मरीज ही समय पर अस्पताल पहुंच पाते हैं। अधिकतर मरीज देर होने पर स्थाई विकलांगता या गंभीर न्यूरोलॉजिकल नुकसान झेलते हैं।

भारत में ब्रेन स्ट्रोक के बढ़ते मामलों को देखते हुए सिरिब्रोवास्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया ने मुंबई में न्यूरोवास्कोन-२०२५ का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारत के जाने-माने वैज्ञानिक और 'ब्रह्मोस मैन' डॉ. ए. सिवथानु पिल्लई ने किया। इस मौके पर देशभर के प्रमुख न्यूरोलॉजिस्ट, न्यूरोसर्जन और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स ने स्ट्रोक की रोकथाम, पहचान और समय पर इलाज पर चर्चा की। कार्यक्रम में डॉ. बतुक दिओरा ने बताया कि स्ट्रोक दो प्रकार का होता है इस्केमिक स्ट्रोक (नस में क्लॉट बनने से खून की सप्लाई रुकना) और हैमरेजिक स्ट्रोक (हाई ब्लड प्रेशर से नस फटना)। उन्होंने कहा कि समय पर लक्षण पहचान कर इलाज मिलने पर मरीज की जान बचाई जा सकती है। वहीं केईएम अस्पताल की डीन व डॉ. संगीता रावत ने कहा कि स्ट्रोक अब सिर्फ बुजुर्गों की बीमारी नहीं रह गई, बल्कि ४०-५० वर्ष की उम्र के लोग भी बड़ी संख्या में प्रभावित हो रहे हैं। गलत खानपान, तनाव, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर इसके मुख्य कारण हैं और परिवार की आपसी सलाह की वजह से होनेवाली देरी से विकलांगता के चांस ज्यादा होते हैं। उन्होंने कहा कि हर मिनट की देरी से ब्रेन को होनेवाला नुकसान बढ़ता जाता है। यदि गोल्डन आवर में इलाज मिले तो मरीज जल्दी ठीक हो सकता है। डॉ. भावना दिओरा ने युवाओं को सलाह दी कि ब्लड प्रेशर कंट्रोल करना, नमक व जंक फूड कम खाना, नियमित व्यायाम, अच्छी नींद और तनाव कम करना स्ट्रोक से बचाव के लिए जरूरी है।

# मुंबई : राज्य सरकार महाराष्ट्र के बस डिपो को दीर्घकालीन 98 वर्षों की लीज पर देने के लिए अगले महीने जारी करेगी टेंडर

**मुंबई :** महाराष्ट्र राज्य के परिवहन मंत्री मा. प्रताप सरनाईक ने घोषणा की कि राज्य सरकार महाराष्ट्र के बस डिपो को दीर्घकालीन 98 वर्षों की लीज पर देने के लिए (49 वर्ष प्लस अतिरिक्त 49 वर्ष का विस्तार) टेंडर अगले महीने जारी करेगी। वे आज मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में नारेडको महाराष्ट्र द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मेगा प्रॉपर्टी प्रदर्शनी 'होमथॉन 2025' के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। 'होमथॉन प्रॉपर्टी एक्सपो' के अंतर्गत आयोजित रियल एस्टेट फोरम 2025 में भाषण देते हुए श्री सरनाईक ने आगे कहा कि महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास महामंडल के पास मुंबई के कुर्ला, बोरीवली और राज्य के अन्य शहरों में मिलाकर 13,000 एकड़ से अधिक की कीमती जमीन है। ''इन जमीनों और बस डिपो को विकसित करने के लिए सरकार ने निर्णय लिया है कि अब ये बस डिपो 30 वर्षों की बजाय 98 वर्षों की दीर्घकालीन लीज पर दिए जाएंगे। इन एसटी बस डिपो को गुजरात की तर्ज पर बस पोर्ट में विकसित किया जाएगा।'' ऐसा उन्होंने बताया। साथ ही उन्होंने राज्य के रियल एस्टेट डेवलपर्स से इस विकास योजना में भाग लेने का आवाहन किया। उन्होंने यह भी कहा कि पॉड टैक्सी जल्द ही बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में शुरू होगी और उसका विस्तार मीराभाईंदर और ठाणे सहित मुंबई महानगर क्षेत्र तक होगा।



मंत्री सरनाईक ने कहा कि राज्य सरकार सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और किफायती आवास को प्रोत्साहन देने के लिए अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रियल एस्टेट विकास बढ़ने की उम्मीद है। प्रसिद्ध अभिनेता और रग्बी इंडिया अध्यक्ष श्री राहुल बोस 'होमथॉन प्रॉपर्टी एक्सपो 2025' के विशेष अतिथि थे। उन्होंने डेवलपर्स से आवाहन किया कि वे जरूरतमंदों के लिए कम कीमत के मकान उपलब्ध कराएं और सभी आय वर्गों के लिए सुविधाजनक सामुदायिक स्थान विकसित करें, ताकि मुंबई जैसे चुनौतीपूर्ण शहरी वातावरण में सुखद जीवन संभव हो सके। रियल एस्टेट क्षेत्र की भूमिका पर बोलते हुए नारेडको महाराष्ट्र के अध्यक्ष श्री प्रशांत शर्मा ने कहा, ''रियल एस्टेट क्षेत्र तेजी से संगठित हो रहा है और यह एकमात्र 'आत्मनिर्भर' उद्योग है। इस वर्ष की थीम 'रीइमैजिनिंग महाराष्ट्रः ग्लोबल अलायंसेज टू लोकल इम्पैक्ट' के अनुसार रियल एस्टेट क्षेत्र अपनी विकास दृष्टि से राज्य को प्रगत और समावेशी राज्य में बदल देगा।''

नारेडको इंडिया के उपाध्यक्ष श्री राजन बांदेलकर ने कहा, ''किफायती आवास क्षेत्र को और मजबूत करने के लिए रियल एस्टेट क्षेत्र को अधिक प्रयास करने होंगे, ताकि 'हाउसिंग फॉर ऑल' की अवधारणा पूरी हो सके।'' साथ ही उन्होंने डेवलपर्स से राज्य सरकार की एसटी बस डिपो विकास योजनाओं में भाग लेने का आवाहन किया। नारेडको इंडिया के अध्यक्ष डॉ. निरंजन हिरानंदानी ने कहा, ''रियल एस्टेट क्षेत्र की वृद्धि दर 12% मानी जाती है, लेकिन वास्तव में यह 15% तक पहुंचेगी और अभूतपूर्व वृद्धि होगी। आगे, सीमेंट और ईंटों पर जीएसटी दर कम होने पर किफायती आवास की लागत कम होगी।'' मुंबई महानगर क्षेत्र के रियल एस्टेट के भविष्य को आशाजनक बताते हुए डॉ. हिरानंदानी ने कहा, ''अगले चार वर्षों में 300 किमी मेट्रो पूरी हो जाएगी। बढ़ी हुई रेल व मेट्रो कनेक्टिविटी, दूसरा और तीसरा हवाई अड्डा तथा एमएमआर के आसपास हो रहा बंदरगाह विकास झ इन सबके कारण रियल एस्टेट क्षेत्र के अवसर बढ़ेंगे।''

## मुंबई : 30 करोड़ की हानि से जुड़ा हाई-प्रोफाइल वित्तीय धोखाधड़ी का मामला




**मुंबई :** मालाबार हिल निवासी राहुल रामकिशन शर्मा (43) द्वारा एमआरए मार्ग पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद ₹30 करोड़ की हानि से जुड़ा एक हाई-प्रोफाइल वित्तीय धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मामला अब आगे की जाँच के लिए आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को सौंप दिया गया है। एफआईआर के अनुसार, आरोपियों की पहचान महेंद्र कुमार उर्फ कर्णम महेंद्र माहेश्वर, दीपा पंडिता, के.एन. मंजूनाथ उर्फ कुदुवल्ली नागेश्वर राव मंजूनाथ पंडिता और वरप्रसाद रंगोला के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि मेसर्स कलाट्रॉनिक्स सेमीकंडक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटर और निदेशक के रूप में कार्यरत महेंद्र कुमार ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर अपनी कंपनी के सेमीकंडक्टर डिजाइन व्यवसाय के बारे में गलत जानकारी देकर उसे गुमराह किया। उन्होंने कथित तौर पर शिकायतकर्ता को यह दावा करके निवेश करने के लिए लुभाया कि सेमीकंडक्टर व्यवसाय तेजी से बढ़ रहा है, कंपनी सरकारी योजनाओं और कर लाभों के लिए पात्र है, और कलाट्रॉनिक्स सेमीकंडक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड में पर्याप्त विदेशी निवेश की उम्मीद है।

## मुंबई : ट्रॉली बैग से 2.624 किलो हाइड्रोपोनिक वीड बरामद... दो यात्री गिरफ्तार

**मुंबई :** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (सीएसएमआई), मुंबई पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने ड्यूटी के दौरान कई बड़ी कार्रवाइयां करते हुए करोड़ों रुपए के मादक पदार्थ,



विदेशी मुद्रा और सोना बरामद किया है। अधिकारियों ने विभिन्न मामलों में दो यात्रियों को गिरफ्तार भी किया है। पहले मामले में सीमा शुल्क अधिकारियों ने प्रोफाइलिंग के आधार पर कोलंबो से फ्लाइट नंबर यूएल-141 से आए एक यात्री को रोका। जांच में यात्री के ट्रॉली बैग से 2.624 किलो हाइड्रोपोनिक वीड बरामद हुई, जिसकी अवैध बाजार कीमत लगभग 2.62 करोड़ रुपए आंकी गई है। यात्री को एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत गिरफ्तार किया गया। दूसरे मामले में विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए सीमा शुल्क अधिकारियों ने मुंबई से दुबई जा रही फ्लाइट नंबर ईके-509 के एक यात्री को रोका। यात्री के हैंडबैग बैग से 7.11 लाख भारतीय रुपए के बराबर विदेशी मुद्रा बरामद की। मुद्रा को छुपाकर ले जाया जा रहा था। तीसरे मामले में इसी फ्लाइट (ईके-509) से दुबई जा रहे एक अन्य यात्री को भी रोककर जांच की गई। यात्री के हैंड बैग से विदेशी मुद्रा बरामद हुई, जिसकी भारतीय रुपए में कीमत ₹49.38 लाख बताई गई।

चौथे मामले में प्रोफाइलिंग के आधार पर बैंकॉक से फ्लाइट नंबर एसक्यू-424 से आए एक यात्री को जांच के लिए रोका गया। इस दौरान यात्री के ट्रॉली बैग से 18.400 किलो हाइड्रोपोनिक वीड बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 18.40 करोड़ रुपए आंकी गई। यात्री को एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। पांचवे मामले में विशिष्ट खुफिया जानकारी पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने मुंबई से जकार्ता जाने वाली फ्लाइट नंबर 6ई-1601 के एक यात्री को रोका। जांच के दौरान यात्री के हैंडबैग बैग से 19.17 लाख रुपए के बराबर की विदेशी मुद्रा बरामद हुई। वहीं, एक अन्य कार्रवाई में इमीग्रेशन क्लीयरेंस काउंटर के पास वॉशरूम से बिना सोने का डस्ट ओवल (अंडाकार) आकार में बरामद किया गया। बरामद सोने का कुल वजन 365 ग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत 38.10 लाख रुपए है।

## मुंबई : आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को दिवाली के अवसर पर २,000 रुपये भेंट...

**मुंबई:** महाराष्ट्र की महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने शुक्रवार को मंत्रालय में बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को दिवाली के अवसर पर 2,000 रुपये की भाऊबीज राशि भेंट की जाएगी। इससे सूबे में आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को दिवाली का त्योहार मनाने में मदद मिलेगी। मंत्री अदिति तटकरे ने आज मंत्रालय में पत्रकारों को बताया कि एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस)




योजना के अंतर्गत कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को भाऊबीज राशि भेंट की जाएगी। इसके लिए कुल 40.61 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका सूबे में महिलाओं और बच्चों के पालन-पोषण, पोषण और समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कर रही हैं। यह भाऊबीज राशि उनके कार्यों को गौरवान्वित करने के लिए एक उपहार के रूप में स्वीकृत की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका हमारे समाज की असली 'शक्ति' हैं और हमारा काम उनके त्योहार को खुशहाल बनाना है।

## मुंबई : एक्वा लाइन पर बनने वाले विधान भवन मेट्रो स्टेशन की पहली तस्वीरें वायरल



**मुंबई :** महत्वाकांक्षी और बहुप्रतीक्षित एक्वा लाइन (मेट्रो-3) पर बनने वाले विधान भवन मेट्रो स्टेशन की पहली तस्वीरें वायरल हो गई हैं। मुंबई मेट्रो 3 के आधिकारिक इंस्टाग्राम और एक्स हैंडल पर साझा की गई इन तस्वीरों में एक आकर्षक भूमिगत स्टेशन दिखाया गया है जिसमें चौड़े प्लेटफार्म, आधुनिक एस्केलेटर, चमकदार रोशनी और स्पष्ट रूप से चिह्नित साइनबोर्ड हैं, जो दैनिक यात्रियों के लिए नेविगेशन को सरल और सुविधाजनक बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं। पूरी तरह से भूमिगत एक्वा लाइन कॉरिडोर पर स्थित विधान भवन मेट्रो स्टेशन, इस नेटवर्क के सबसे महत्वपूर्ण स्टेशनों में से एक है। यह विधान भवन, मंत्रालय और नए प्रशासनिक भवन सहित प्रमुख सरकारी केंद्रों तक सीधी भूमिगत पहुँच प्रदान करेगा।

## मुंबई : विमान के शौचालय में धूम्रपान; यात्री गिरफ्तार...



**मुंबई :** पुलिस ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक 25 वर्षीय यात्री को विमान के शौचालय में धूम्रपान करते हुए पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया। घटना के बारे में एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार रात फुकेत-मुंबई उड़ान के दौरान जब यात्रियों ने शौचालय से धुआँ निकलते देखा, तो विमान में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने बताया कि दक्षिण मुंबई के नेपियंसी रोड निवासी भव्य गौतम जैन को हवाई अड्डे पर पहुँचते ही हिरासत में ले लिया गया। अधिकारी ने बताया कि जैन ने विमान के शौचालय में कथित तौर पर सिगरेट जलाई थी। उन्हें विमान अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। देश के विमानन नियमों के तहत सभी यात्री उड़ानों में धूम्रपान सख्त वर्जित है।

## मुंबई : मार्सेलस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य वित्तीय अधिकारी के खिलाफ 1.18 करोड़ रुपये के गबन का मामला दर्ज

**मुंबई :** एमआईडीसी पुलिस ने मार्सेलस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य वित्तीय अधिकारी के खिलाफ 1.18 करोड़ रुपये के कथित गबन का मामला दर्ज किया है। 48 वर्षीय पंकज गुप्ता ने कथित तौर पर कंपनी के एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड और चालू खाते के एटीएम कार्ड का इस्तेमाल करके यह रकम निकाल ली। मामले के बारे में एफआईआर के अनुसार, मार्सेलस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स, एमआईडीसी, अंधेरी पूर्व में स्थित एक निवेश फर्म है और इसमें 100 कर्मचारी कार्यरत हैं। कांदिवली पूर्व निवासी गुप्ता 2022 से इसके मुख्य वित्तीय अधिकारी थे और सभी वित्तीय मामलों को संभाल रहे थे। ये आपत्तिजनक लेनदेन दिसंबर 2024 और इस साल जुलाई के बीच देखे गए।

# मुंबई : कपिल शर्मा के कनाडा वाले रेस्टोरेंट पर गोलियां चलाई थीं... गैंगस्टर्स पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

**मुंबई :** कॉमेडियन कपिल शर्मा पिछले कुछ महीनों से सुर्खियों में हैं। पहले उनके कनाडा वाले नए रेस्टोरेंट पर कुछ कथित गैंगस्टर्स ने गोलियां चलाई थीं। और अब उन्हें धमकी मिली है। साथ ही 1 करोड़ रुपये की रंगदारी भी मांगी गई है। हालांकि मुबई क्राइम ब्रांच ने आरोपी को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया है। जिसका नाम दिलीप चौधरी है और उसने कथित तौर पर कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा और गोल्डी बरार के नाम पर शर्मा को धमकाया और उनसे एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, कपिल शर्मा को आरोपी ने न सिर्फ धमकी भरे फोन किए थे। बल्कि कॉमेडियन को डराने वाले वीडियो भी भेजे थे। 22-23 सितंबर के बीत कपिल शर्मा को कथित तौर पर आरोपी की ओर से सात धमकी भरे कॉल आए। इसके अलावा, उन्हें एक दूसरे नंबर से भी धमकी दी गई थी।

**कपिल शर्मा को धमकी देने वाला गिरफ्तार**




कपिल शर्मा की शिकायत के बाद मुंबई क्राइम ब्रांच ने आरोपी को पश्चिम बंदाल से अरेस्ट किया और फिर उसे पूछताछ के लिए मुंबई लाया गया। यहां पहले उसे एस्प्लेंडे कोर्ट में पेश किया गया है, जहां से उसे 30 सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। अभी पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या आरोपी का गैंगस्टर्स के साथ कोई सीधा संबंध है या वह सिर्फ डराने के लिए और पैसे मांगने के लिए उनके नाम का इस्तेमाल कर रहा था।

**कपिल शर्मा की आने वाली फिल्म**

कपिल शर्मा के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनका शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो', जो नेटफ्लिक्स पर आ रहा था, उसका तीसरा सीजन भी खत्म हो गया है। आखिरी एपिसोड में अक्षय कुमार आए थे और उन्होंने खूब हंसी-ठहाके लगाए थे। इसके अलावा वह 'किस किसको प्यार करूं 2' की शूटिंग कर रहे हैं। इसको अनुकल्प गोस्वामी डायरेक्ट कर रहे हैं। ये पहले 26 सितंबर को रिलीज होनी थी लेकिन बाद में इसे पोस्टपोन कर दिया गया और इसकी नई डेट अनाउंस नहीं की गई। बता दें कि इस मूवी का पहला पार्ट 2015 में आया था, जिसमें शादीशुदा कॉमेडियन की तीन पत्नियां होती हैं।

## पुणे : 14 मंजिला मार्वल आइडियल सोसाइटी की 12वीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में भीषण आग

**पुणे :** पुणे के हडपसर स्थित उंड्री स्थित 14 मंजिला मार्वल आइडियल सोसाइटी की 12वीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में भीषण आग लग गई। रसोई में दो गैस सिलेंडर फटने से आग और भड़क गई, जिसमें एक 15 वर्षीय लड़के की मौत हो गई और तीन निवासी और दो दमकलकर्मी घायल हो गए। पाँच दमकल गाड़ियाँ, दो पानी के टैंकर और एक बहुमंजिला इमारत का वाहन मौके पर पहुँचा। दमकलकर्मियों ने पानी का छिड़काव किया और विस्फोट के समय फंसे लोगों की जाँच के लिए अपार्टमेंट में दाखिल हुए।

## मुंबई एयरपोर्ट पर जनवरी से अगस्त के बीच पहुंचे 50 लाख यात्री

### UAE के लोगों को सबसे ज्यादा पसंद आई महानगरी

**मुंबई :** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने जनवरी से अगस्त 2025 के बीच 50 लाख से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय यात्रियों का स्वागत किया है। इनमें सबसे ज्यादा यात्री यूएई, ब्रिटेन और थाईलैंड से आए। निजी हवाई अड्डा संचालत मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने यह जानकारी दी है। कंपनी के अनुसार, पिछले तीन सालों में एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या में 21% की वार्षिक औसत वृद्धि दर्ज की गई है। इससे साफ है कि मुंबई लगातार वैश्विक यात्रा मानचीत्र पर अपनी अहमियत बढ़ा रहा है। खास बात यह है कि उपलब्धि




ऐसे समय में आई है जब पूरी दुनिया 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मना रही है।

**अदाणी के पास है 74% हिस्सेदारी**

मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड इस हवाई अड्डे का संचालन करता है। इसमें 74% हिस्सेदारी अदाणी समूह की है और बाकी 26% एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के पास है। जनवरी-अगस्त 2025 में कुल अंतरराष्ट्रीय यात्री संख्या 50 लाख से ऊपर रही, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 48 लाख था। यानी इस साल यात्रियों की संख्या में अच्छी बढ़ोतरी देखी गई। मुंबई एयरपोर्ट से इस समय दुनिया के 55 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए सीधी उड़ानें उपलब्ध हैं। इससे यह एयरपोर्ट क्षेत्र के सबसे ज्यादा जुड़ाव वाले अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों में शामिल हो गया है। सबसे बड़ा यात्री स्रोत UAE रहा, जहां से 15 लाख यात्री आए। इसके बाद ब्रिटेन (3.8 लाख) और थाईलैंड (3.2 लाख) से सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय यात्री मुंबई पहुंचे।

## मुंबई : छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट ने जनवरी से अगस्त 2025 के बीच 50 लाख से अधिक अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को सर्विस दी



**मुंबई :** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट ने जनवरी से अगस्त 2025 के बीच 50 लाख से अधिक अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को सर्विस दी है. ये आंकड़ा एयरपोर्ट की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी और विदेशी यात्रियों में बढ़ती रुचि को दशाती है. इस साल जनवरी से अगस्त के बीच, मुंबई एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 50 लाख से अधिक रही, जबकि पिछले साल इसी समय ये संख्या 48 लाख थी. ये लगातार बढ़ती अंतरराष्ट्रीय यात्रा का संकेत देता है. पिछले तीन सालों में, मुंबई एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या हर साल लगभग 21% की दर से बढ़ी है. इसका मतलब है कि विदेशी यात्रियों का आवागमन लगातार बढ़ रहा है. ये साफ दिखाता है कि मुंबई अब वैश्विक मानचित्र पर और भी ज्यादा महत्वपूर्ण शहर बनता जा रहा है. पिछले तीन सालों में, मुंबई एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या हर साल लगभग 21% की दर से बढ़ी है. इसका मतलब है कि विदेशी यात्रियों का आवागमन लगातार बढ़ रहा है. ये साफ दिखाता है कि मुंबई अब वैश्विक मानचित्र पर और भी ज्यादा महत्वपूर्ण शहर बनता जा रहा है.

**कनेक्टिविटी और मजबूत हुई**

एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक, अप्रैल 2024 और 2025 के बीच छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट ने अपने अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को बढ़ाया और सात नए मार्ग जोड़े. इनमें अल-फुजैरा, ताशकंद, क्राबी, अल्माटी, अम्मान, मैनचेस्टर और त्बिलिसी शामिल हैं. इन नए मार्गों के जुड़ने से मुंबई अब 55 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों से सीधे जुड़ा हुआ है और उसकी कनेक्टिविटी और मजबूत हुई है.

**जबरदस्त ग्रोथ**

जनवरी से अगस्त 2025 के बीच अंतरराष्ट्रीय आगमन 50 लाख से ज्यादा हो गया है, जबकि 2024 में ये संख्या 48 लाख और 2023 में 41 लाख थी. अगस्त 2025 तक खत्म होने वाले वित्तीय वर्ष में छत्रपति शिवाजी महाराज अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट ने कुल 82.4 लाख अंतरराष्ट्रीय यात्रियों का स्वागत किया है. जनवरी 2025 एक खास महीना रहा, जिसमें 6.9 लाख अंतरराष्ट्रीय लोग आए. ये जनवरी 2022 की तुलना में 415% की जबरदस्त ग्रोथ है.

## मस्कारा गैलरी में अश्लील चित्रण और कार्टून को लेकर कोलाबा पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज...

**मुंबई:** मुंबई के कोलाबा में स्थित मस्कारा गैलरी में अश्लील चित्रण और कार्टून को लेकर मुंबई के कोलाबा पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज हुई है। आरोप है कि इस गैलरी में मानव शरीर का अश्लील चित्रण और इसके अलावा हिंदू धर्म के देवी देवताओं के भी अश्लील कार्टून बनाए गए हैं। इस पूरे मामले में मुंबई पुलिस ने कार्टूनिस्ट टी वैकण्णा और गैलरी के मालिक अभय मस्कारा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 294, 295, 299 और 3 ( 5



) के तहत केस दर्ज कर लिया है, और मामले की जांच कर रही है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, गैलरी के अंदर भगवान शिव और मां काली के भी अभद्र कार्टून लगाए गए हैं। साथही गैलरी में कहीं भी 18 साल के ऊपर के लोगों के लिए एंट्री या एग्जिट का नोटिफिकेशन भी नहीं रखा गया है। फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

ये विवाद ऐसे समय में सामने आया है, जब देश में पहले ही 'आई लव मोहम्मद' पोस्टर्स को लेकर तनाव है। यूपी के बरेली में शुक्रवार को ही जुमे की नमाज के बाद 'आई लव मोहम्मद' पोस्टर विवाद गहरा गया और हिंसा भड़क उठी। कानपुर से शुरू हुआ यह विवाद अब अलग-अलग शहरों में फैल गया। पुलिस ने इस मामले में 22 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है और 30 से ज्यादा को हिरासत में लिया है। कई पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com